# कार्यालय जिलाधिकारी, जनपद–लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

पत्रांक– 951– रिमा0/2022 दिनांक– 10/11/2022

जिला विकास अधिकारी,
जनपद–लखनऊ (उत्तर प्रदेश)।

विषयः–आत्मनिर्भर भारत में सबके लिए घर एवं शिक्षा अभियान के अन्तर्गत,सभी जरूरतमंदों को,छोटे ईडब्लूएस घर,2.40 लाख रू0 बिल्कुल फ्री,डाउन–पेमेन्ट सब्सिडी एवं ईएमआई, प्रतिपूर्ति के साथ, बिना किसी इनकम प्रूफ एवं गारंटी के उपलब्ध कराने एवं उनको माडल स्कूलों के द्वारा, पूर्णतया निःशुल्क शिक्षा देने के सम्बन्ध में।

एसजीएसवाई ई–मार्केटिंग एवं इन्फारमेशन परियोजना,नोडल–एजेन्सी,माइक्रो–केडिट,भारत सरकार,एक राज्यस्तरीय परियोजना है,जो गैर संगठित क्षेत्रों के सभी किसानों,स्वयं सहायता समूहों,महिलाओं एव अन्य जरूरतमंद कामगार–समूहों को, जीरो डिपोजिट आरडी–एकाउन्ट,शुल्क प्रतिपूर्ति, आवश्यक ऋण एवं माडल स्कूलों के द्वारा पूर्णतया निःशुल्क शिक्षा तथा छोटे ईडब्लूएस घर,20 प्रतिशत,अर्थात,2.40 लाख रू0 बिल्कुल फ्री डाउन–पेमेन्ट सब्सिडी के साथ,बिना किसी इनकम प्रूफ,बैंक स्टेटमेन्ट एवं गारंटी के,भारत सरकार की शार्ट टर्म–ऋण योजना के अन्तर्गत, स्थापित किये गये अर्न्तराज्यीय, अन–फीडिंग वर्ल्ड बैंकों द्वारा उपलब्ध करा रही है।

आत्मनिर्भर भारत में सबके लिए घर एवं शिक्षा अभियान के अन्तर्गत,उपरोक्त घरों के निर्माण के लिये तथा माडल स्कूलों के सचांलन के लिये, उत्तर प्रदेश के सभी जनपदो में निर्माण वेन्डरो एवं आउटसोर्सिंग एजेन्सियों का चयन करने के लिए टेन्डर जारी किये जा रहे है। लाभार्थियों के चयन में जनपदों के जिला नगरीय विकास अभिकरणों(डूडा) में प्रतीक्षा में चल रहे आश्रयहीनों को वरीयता दी जायेगी।

इसी कम में आपको निदेशित किया जाता है कि,उपरोक्त जनहित कार्यकमों को जरूरतमंदो तक पहुंचाने के लिए,दिनांक–31.01.2023 से प्रत्येक माह की अन्तिम तिथि को विकासभवन,लखनऊ के मीटिंग हाल मे, जिला प्रशासन की उपस्थिति में आयोजित किये जाने वाले मीडिया प्रोमो में,विकासभवन, लखनऊ के मीटिंग हाल को उपलब्ध करा कर पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराने तथा उपरोक्त जनहित कार्यकम को प्रचारित कर जरूरतमंदो तक पहुंचाने में एसजीएसवाई ई–मार्केटिंग एण्ड इन्फारमेशन परियोजना,लखनऊ,द्वारा अधीकृत, पहचान पत्र धारक अधिकारियों को विकासभवन एवं जनपद के सभी विकासखण्ड कार्यालयों में सूचना–कैम्प लगाने के लिए उचित बैठने की व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

अपर जिलाधिकारी,न्यायिक,
कृते जिलाधिकारी,जनपद–लखनऊ।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)
लखनऊ

पत्रांक– 951 रिमा0/22 उक्त दिनांक 10/11/2022

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.निदेशक,एसजीएसवाई ई–मार्केटिंग एण्ड इन्फारमेशन परियोजना,लखनऊ।
2.मुख्य विकास अधिकारी, जनपद–लखनऊ (उत्तर प्रदेश)।
3.समस्त खण्डविकास अधिकारी, जनपद–लखनऊ।
4.परियोजना अधिकारी ,डूडा, जनपद–लखनऊ।
5.जिला सूचना अधिकारी, जनपद–लखनऊ (उत्तर प्रदेश)।

अपर जिलाधिकारी,न्यायिक,
कृते जिलाधिकारी,जनपद–लखनऊ।